Bihar Board Class 6 Maths Important Questions Chapter 1 संख्याओं की समझ

अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न

प्रश्न 1.
45278 का प्रसारित रूप लिखिए।

उत्तर:
45278 = 4 × 10000 + 5 × 1000 + 2 × 100 + 7 × 10 + 8

प्रश्न 2.
7 अंकों की सबसे छोटी संख्या लिखिए।
उत्तर:
10,00,000

प्रश्न 3.
कितने मिलियन से एक करोड़ बनता है?
उत्तर:
दस मिलियन से।

प्रश्न 4.
382, 4972, 318, 4563 को आरोही क्रम में लिखिए।
उत्तर:
आरोही क्रम-318, 382, 4563, 4972

प्रश्न 5.
1 से 10 तक रोमन संख्यांक में लिखिए।
उत्तर:
I, II, III, IV, V, VI, VII, VIII, IX, X.

लघूत्तरात्मक प्रश्न

प्रश्न 1.
वर्ष 2011 में किसी शहर की जनसंख्या 3,08,429 थी। 2001 की तुलना में इसमें 72,958 की वृद्धि हुई थी। वर्ष 2001 में शहर की जनसंख्या क्या थी?
हल:
2001 में शहर की जनसंख्या
= 2011 में जनसंख्या - जनसंख्या में वृद्धि
= 3,08,429 - 72,958
अब,

$$\begin{array}{r} 308429 \\ -\ 72958 \\ \hline 235471 \\ \hline \end{array}$$

अतः 2001 में शहर की जनसंख्या 2,35,471 थी।

प्रश्न 2.
एक शहर में समाचार पत्र प्रतिदिन छपता है। एक प्रति में 16 पृष्ठ होते हैं। प्रतिदिन इस समाचार पत्र की 11,400 प्रतियाँ छपती हैं। प्रतिदिन सभी प्रतियों के लिए कितने पृष्ठ छपते हैं?

हल:
प्रत्येक प्रति में 16 पृष्ठ हैं। अतः, 11,400 प्रतियों में 16 × 11,400 पृष्ठ होंगे।
अब,

$$\begin{array}{r} 11400 \\ \times\ 16 \\ \hline 68400 \\ 114000 \\ \hline 182400 \\ \hline \end{array}$$

अतः प्रतिदिन सभी प्रतियों के लिए 1,82,400 पृष्ठ छपते हैं।

https://www.evidyarthi.in/